मोबाइल छीनकर भागने वाले तीन लोग गिरफ्तार

श्रावस्ती। इकौना थाना क्षेत्र के बाबापुरवा निवासी पिन्टू गोस्वामी पुत्र कामता प्रसाद गोस्वामी बीते मंगलवार को अपने साथी कुलदीप के साथ घर के सामने सड़क पर खड़ा मोबाइल से बात कर रहा था।

इस दौरान एक बाइक पर सवार तीन टप्पेबाज मौके पर पहुंचे और उसकी मोबाइल छीनकर भागने लगे। पिन्टू के साथ ही गांव के अन्य लोगों ने पीछा किया और उसे जनता इण्टर कालेज गोपालपुर के पास पकड़ लिया। पूछताछ में तीनों की पहचान आदित्य गौतम पुत्र मंगरे गौतम, रोहित कश्यप पुत्र रमेश कश्यप निवासी रानी पुरवा व सूर्य भान यादव पुत्र शिव प्रसाद यादव निवासी चिचड़ी के रूप में हुई। इस बीच मौका पाकर तीनों फरार हो गए। इकौना पुलिस ने गुरुवार शाम को तीनों आरोपियों को राप्ती पुल के पास इमलिया मार्ग से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।